SECTION – I

खण्ड – I

CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

Level2

बाल-विकास एवं शिक्षण विधियाँ

There are **30** questions in **all** in this section.
All questions are compulsory.

इस खण्ड में कुल **30** प्रश्न हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. If the actual age of the child is 13 years and mental age is 14 years, then what will be the Intelligence Quotient ?

(A) 112·50 (B) 107·69

(C) 110·25 (D) 100·50

यदि बालक की वास्तविक आयु 13 वर्ष हो और मानसिक आयु 14 वर्ष हो तो बुद्धिलब्धि क्या होगी ?

(A) 112·50 (B) 107·69

(C) 110·25 (D) 100·50

2. The 'Classical conditioning theory' of learning was propounded by

(A) Skinner (B) Pavlov

(C) Thorndike (D) Kohlberg

सीखने का 'क्लासिकल कंडीशनिंग सिद्धान्त' प्रतिपादित किया था

(A) स्किनर ने (B) पावलॉव ने

(C) थार्नडाइक ने (D) कोहलबर्ग ने

3. Cause of juvenile delinquency is

(A) parental conflict

(B) sympathetic behaviour of family members

(C) working in family with mutual consent

(D) wealthy family

बाल-अपराध का कारण है

(A) माता-पिता में अनबन रहना

(B) परिवार के सदस्यों का सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार

(C) परिवार में आपस की सहमति से कार्य होना

(D) समृद्ध परिवार

Telegram:- DevEduNotes

4. Which of the following has been ignored in children's Free and Compulsory Education Rights Act, 2009 ?

(A) Facilitate training of teachers

(B) Ensuring entry of roaming boys

(C) Defining Academic calender

(D) Arrangement of education after 14 years

बालकों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 में निम्न में से किस पर ध्यान नहीं दिया गया है ?

(A) अध्यापकों को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करना

(B) घुमन्तु बालकों के प्रवेश को सुनिश्चित करना

(C) एकेडमिक कलेन्डर को निर्धारित करना

(D) 14 वर्ष के पश्चात शिक्षा व्यवस्था

5. Which of the following steps makes research, action research ?

(A) Construction of sub-concepts

(B) Programme implementation and evaluation

(C) Generalization

(D) Review of Literature

निम्न में से कौन-सा चरण शोध को क्रियात्मक अनुसंधान बनाता है ?

(A) उपकल्पनाओं का निर्माण (B) प्रोग्राम का क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन

(C) सामान्यीकरण (D) साहित्य का पुनरीक्षण

6. The aim of adding Art Education in N.C.F.-2005 is

(A) to improve logical reasoning

(B) to develop scientific outlook

(C) to appreciate cultural heritage

(D) to visit historical sights

एन.सी.एफ. -2005 में कला शिक्षा को जोड़ने का उद्देश्य है

(A) तार्किक चिन्तन में अभिवृद्धि (B) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास

(C) सांस्कृतिक विरासत की सराहना (D) ऐतिहासिक जगहों का परिभ्रमण

7. Development is never ending process, this idea is associated with

(A) Principle of continuity (B) Principle of interrelation

(C) Principle of interaction (D) Principle of integration

Telegram:- DevEduNotes

विकास कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है, यह विचार सम्बन्धित है

(A) निरन्तरता के सिद्धान्त से (B) अन्तः सम्बन्ध के सिद्धान्त से

(C) अंन्योन्य क्रिया के सिद्धान्त से (D) एकीकरण के सिद्धान्त से

8. Which of the following is *not* a component of intelligence ?

(A) Logical thinking (B) Vocational choices

(C) Memory (D) Learning from experiences

निम्नलिखित में से कौन-सा बुद्धि का घटक **नहीं** है ?

(A) तार्किक चिन्तन (B) व्यावसायिक रुचियाँ

(C) स्मृति (D) अनुभवों से सीखना

9. Which of the following is *not* a psycho-motor activity of a child ?

(A) Thinking (B) Writing

(C) Throwing a ball (D) Playing

निम्नलिखित में से बालक की कौन-सी प्रक्रिया मनोगत्यात्मक **नहीं** है ?

(A) सोचना (B) लिखना

(C) गेंद फेंकना (D) खेलना

10. Who gave 16 P.F. questionnaire to assess personality ?

(A) Gordon Allport (B) Sheldon

(C) R.B. Cattell (D) Sprenger

व्यक्तित्व को मापने के लिये सोलह पी.एफ. प्रश्नावली किसने दी ?

(A) गोर्डन आलपोर्ट (B) शैल्डन

(C) आर.बी. कैटल (D) स्प्रैन्जर

11. Which of the following is a characteristic of a gifted learner ?

(A) He can feel understimulated and bored if the class activities are not challenging enough

(B) He gets aggressive and frustrated

(C) He engages in ritualistic behaviour like hand flapping and rocking etc.

(D) He is highly temperamental

निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता प्रतिभावान शिक्षार्थी की है ?

(A) यदि कक्षा की गतिविधियाँ अधिक चुनौतीपूर्ण नहीं होती हैं, तो वह कम प्रेरित अनुभव करता है और ऊब जाता है

(B) वह आक्रामक और कुंठित हो जाता है

(C) वह रस्मी व्यवहार करता है जैसे हाथ थपथपाना, हिलना आदि

(D) वह बहुत ही तुनकमिज़ाजी होता है

Telegram:- DevEduNotes

12. Inclusion of children with special needs

(A) is an unrealistic goal

(B) will increase the burden on the schools

(C) requires a change in attitude, content and approach to learning

(D) is detrimental to children without disabilities

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शामिल करना

(A) एक अवास्तविक लक्ष्य है

(B) विद्यालयों पर भार बढ़ा देगा

(C) शिक्षण के प्रति दृष्टिकोण, विषय-वस्तु और धारणा परिवर्तन की अपेक्षा रखता है

(D) जिनमें अक्षमता न हो, उन बच्चों के लिये हानिकारक है

13. Problem solving is *not*

(A) goal directed

(B) a skill that can be learned and practised

(C) based on the understanding and use of sequential steps

(D) about musical ability

समस्या समाधान **नहीं** है

(A) लक्ष्योन्मुखी

(B) एक कौशल है जो सीखा जा सकता है और जिसका अभ्यास किया जा सकता है

(C) समझ और क्रमिक चरणों के प्रयोग पर आधारित है

(D) संगीत सम्बन्धी योग्यता के बारे में

14. Thematic Apperception Test (TAT) of measuring personality is a

(A) subjective technique (B) objective technique

(C) projective technique (D) experimental technique

प्रासंगिक अन्तर्बोध परीक्षण व्यक्तित्व को मापने की

(A) आत्मनिष्ठ विधि है (B) वस्तुनिष्ठ विधि है

(C) प्रक्षेपीय विधि है (D) प्रयोगात्मक विधि है

15. Which of the following leads to creativity ?

(A) Emotional thinking (B) Convergent thinking

(C) Divergent thinking (D) Egoistic thinking

निम्नलिखित में से कौन-सा सृजनात्मकता की ओर ले जाता है ?

(A) सांवेगिक चिन्तन

(B) अभिसारी चिन्तन

(C) अपसारी चिन्तन

(D) अहंवादी चिन्तन

16. Child centred pedagogy means

(A) asking the children to follow and imitate the teacher

(B) letting the children be totally free

(C) giving moral education to the children

(D) giving importance to children's voices and their active participation

बाल केन्द्रित शिक्षण विधि का अर्थ है

(A) बच्चों को शिक्षक का अनुसरण और अनुकरण करने के लिये कहना

(B) बच्चों को पूर्ण रूप से स्वतन्त्रता देना

(C) बच्चों को नैतिक शिक्षा देना

(D) बच्चों की अभिव्यक्ति और उनकी सक्रिय भागीदारी को महत्त्व देना

17. Raven Progressive Matrices are used to measure

(A) Personality

(B) Learning

(C) Intelligence

(D) Creativity

रैविन प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज का प्रयोग ..... के मापन के लिये किया जाता है।

(A) व्यक्तित्व

(B) अधिगम

(C) बुद्धि

(D) सृजनात्मकता

18. According to Vygotsky, children learn

(A) by imitation

(B) by interacting with adults and peers

(C) when reinforcement is offered

(D) by maturation

वाइगोत्स्की के अनुसार बालक सीखते हैं

(A) अनुकरण से

(B) वयस्कों और समवयस्कों के साथ परस्पर क्रिया से

(C) जब पुनर्बलन प्रदान किया जाता है

(D) परिपक्व होने से

19. Which psychologist first created the intelligence test ?

(A) Wechsler (B) Binet

(C) Spearman (D) Cattell

किस मनोवैज्ञानिक के द्वारा सर्वप्रथम बुद्धि परीक्षण का निर्माण किया गया ?

(A) वेक्सलर (B) बिने

(C) स्पीयरमैन (D) कैटल

20. What effort should a teacher make for the upliftment of Gifted children ?

(A) Slow to teach (B) Special classes and motivation

(C) Punishing them (D) Ignoring them

एक शिक्षक द्वारा प्रतिभाशाली बालकों के उत्थान हेतु कौन-सा प्रयास किया जायेगा ?

(A) पढ़ाने की धीमी गति (B) विशिष्ट कक्षाएँ व प्रोत्साहन

(C) उन्हें दण्ड देना (D) उन पर ध्यान नहीं देना

21. What is the minimum number of hours of work per week for teachers in the Right to Education Act, 2009 ?

(A) 30 (B) 56

(C) 45 (D) 70

शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 में शिक्षक के लिए प्रति सप्ताह न्यूनतम कार्य घण्टों की संख्या क्या है ?

(A) 30 (B) 56

(C) 45 (D) 70

22. Which kind of research is done by the principal of school to identify and remove the causes of various emotional problems of the students ?

(A) Action Research (B) Qualitative Research

(C) Historical Research (D) Descriptive Research

एक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यार्थियों की विभिन्न संवेगात्मक समस्याओं के कारणों को पहचानने व उन्हें दूर करने हेतु कौन-सा अनुसंधान किया जाता है ?

(A) क्रियात्मक अनुसंधान (B) गुणात्मक अनुसंधान

(C) ऐतिहासिक अनुसंधान (D) वर्णनात्मक अनुसंधान

23. Which of the following theories is related to learning by consequences ?

(A) Operant conditioning (B) Insight learning

(C) Classical conditioning (D) Cognitive learning

निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त परिणामों द्वारा सीखने से सम्बन्धित है ?

(A) क्रिया-प्रसूत अनुबन्धन (B) अंतर्दृष्टि अधिगम

(C) शास्त्रीय अनुबन्धन (D) संज्ञानात्मक सीखना

24. When we use our current 'schema' to interpret the external world, it is called

(A) Assimilation (B) Association

(C) Adaptation (D) Equilibrium

जब हम वर्तमान 'स्कीमा' का प्रयोग बाह्य जगत् के विश्लेषण हेतु करते हैं, तब उसे कहा जाता है

(A) आत्मसात्मीकरण (B) सम्बन्ध

(C) अनुकूलन (D) संतुलन

25. Which of the following is *not* a characteristic of projective test ?

(A) Ambiguous stimulus (B) Freedom to respond

(C) Subjective perception (D) Objective interpretation

निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्षेपीय परीक्षण की विशेषता **नहीं** है ?

(A) अस्पष्ट उद्दीपक (B) अनुक्रिया की स्वतन्त्रता

(C) व्यक्तिपरक प्रत्यक्षण (D) वस्तुनिष्ठ व्याख्या

26. According to Albert Bandura, four conditions are necessary in observational learning. The right sequence of these conditions is

(A) Motivation — Attention — Retention — Reproduction

(B) Attention — Motivation — Retention — Reproduction

(C) Attention — Retention — Reproduction — Motivation

(D) Attention — Retention — Motivation — Reproduction

अल्बर्ट बाण्डूरा के अनुसार निरीक्षणात्मक अधिगम हेतु चार परिस्थितियाँ आवश्यक हैं। इन परिस्थितियों का सही क्रम है

(A) अनुप्रेरणा — अवधान — धारणा — पुनरुत्पादन

(B) अवधान — अनुप्रेरणा — धारणा — पुनरुत्पादन

(C) अवधान — धारणा — पुनरुत्पादन — अनुप्रेरणा

(D) अवधान — धारणा — अनुप्रेरणा — पुनरुत्पादन

27. According to Sigmund Freud, which method is most appropriate for identifying the characteristics of unconscious mind ?

(A) Case study (B) Dream analysis

(C) Sociometry technique (D) Interview

सिग्मण्ड फ्रायड के अनुसार अचेतन मन की विशेषताओं को ज्ञात करने की सर्वाधिक उपयुक्त विधि कौन-सी है ?

(A) वैयक्तिक-अध्ययन (B) स्वप्न विश्लेषण

(C) समाजमिति तकनीक (D) साक्षात्कार

28. A.D.H.D. means

(A) children with speaking difficulty

(B) children with hearing deficiency

(C) children with disorder of attention

(D) children with visual impairment

ए.डी.एच.डी. का अर्थ है

(A) वाचिक कठिनाई वाले बालक (B) श्रवण दुर्बलता वाले बालक

(C) ध्यान विकार वाले बालक (D) दृष्टिहीनता वाले बालक

29. A test designed to reveal a person's strength or weakness in one or more areas is called

(A) Remedial test (B) Diagnostic test

(C) Achievement test (D) Formative test

एक परीक्षण जो व्यक्ति की किसी एक या अधिक क्षेत्रों में उसकी विशेषताओं और कमियों को व्यक्त करने के लिये बनाया गया है, कहलाता है

(A) उपचारात्मक परीक्षण (B) निदानात्मक परीक्षण

(C) उपलब्धि परीक्षण (D) रचनात्मक परीक्षण

30. By which constitutional amendment the 'Right to Education' was added in the Constitution of India ?

(A) 86th Amendment (B) 74th Amendment

(C) 89th Amendment (D) 91st Amendment

भारतीय संविधान में कौन-से संशोधन द्वारा 'शिक्षा का अधिकार' सम्मिलित किया गया ?

(A) 86 वाँ संशोधन (B) 74 वाँ संशोधन

(C) 89 वाँ संशोधन (D) 91 वाँ संशोधन